प्रेषक:

संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा)
क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर
देहरादून।

सेवा में,

1. समस्त कुलसचिव
राज्य / निजी विश्वविद्यालय
उत्तराखण्ड।

2. समस्त प्राचार्य
शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय
उत्तराखण्ड।

पत्रांक: 966 / शे0छा0यो0 / 2026–27 दिनांक: 14.09.2026

**विषय: उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत "मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा" शेवेनिंग छात्रवृत्ति योजना से सम्बन्धित अभिविन्यास कार्यशाला में प्रतिभाग किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक **शासन** के पत्रांक: 431032 दिनांक 11 सितम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों / राज्याधीन विश्वविद्यालयों परिसरों विद्यार्थियों को **"मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा" शेवेनिंग छात्रवृत्ति योजना** के सम्बन्ध में जागरूक करने तथा अधिकाधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को अपराह्न 3:30 बजे** से ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यशाला में भारत की शेवेनिंग स्कॉलरशिप टीम द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा।

उक्त छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के राजकीय महाविद्यालयों / राज्य विश्वविद्यालयो परिसरों के अधिकतम 05 आवेदकों को यूनाइटेड किंगडम (UK) के किसी विश्वविद्यालय में अपनी सुविधानुसार किसी भी विषय / पाठ्यक्रम, जिसे UK के किसी के किसी विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा आवेदन स्वीकृत किया गया हो, में 01 वर्ष हेतु स्नातकोत्तर स्तर (मास्टर डिग्री) के अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

तद्क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने विश्वविद्यालय / महाविद्यालय परिसर के निदेशक, संकाय प्रमुख, विभागाध्यक्ष, एलुमनाई सेल एवं करियर प्लेसमेंट संयोजक तथा अधिकाधिक पात्र इच्छुक विद्यार्थियों को उक्त अभिविन्यास कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से आवश्यक निर्देश प्रदान करना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों को निर्धारित लिंक के माध्यम से पूर्व पंजीकरण करने हेतु भी प्रोत्साहित किया जाए। कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित लिंक / QR कोड संलग्न प्रेषित किया जा रहा है।

अतः उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए अधिकाधिक पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक:** उक्तवत्।

भवदीया
SGupta
**प्रो0(डॉ0) संगीता गुप्ता**
संयुक्त निदेशक
क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा
देहरादून

पृ0सं0: 966(i-iv) / शे0छा0यो0 / 2026–27 तद्दिनांकित

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी को मंत्री महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।
4. प्रो0(डॉ0) पूजा कुकरेती, नोडल अधिकारी, एन0ई0पी0–पी0एम0यू0, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।

SGupta
प्रो0(डॉ0) संगीता गुप्ता
संयुक्त निदेशक

Scanned with OKEN Scanner